# बाराबंकी में नकली पैकेजिंग का भंडाफोड़:पतंजलि और फॉर्च्यून के नाम पर सरसों तेल, टाटा के नाम पर नमक पैक करते पकड़े



बाराबंकी में रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत चलाए गए विशेष अभियान के दौरान नकली पैकिंग का भंडाफोड़ हुआ है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी बाराबंकी के आदेश पर सघन निरीक्षण किया गया।

सहायक आयुक्त खाद्य-II डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में अभिसूचना के आधार पर तहसील नवाबगंज के मसौली क्षेत्र में छापा मारा गया। मसौली स्थित मसौली समृद्ध फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड पर पुलिस बल के साथ की गई कार्रवाई में पाया गया कि एक कमरे में खुले सरसो के तेल को पतंजलि और फॉर्च्यून ब्रांड के नाम से पैक किया जा रहा था।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/barabanki/news/fake-packaging-busted-in-barabanki-135625866.html